**राजस्थान सरकार**
**गृह (ग्रुप–1) विभाग**

क्रमांक–प. 5(4)गृह–1/2022 (12994)

जयपुर, दिनांक :

**आदेश**

राजस्थान पुलिस सेवा नियम,, 1954 के नियम 32 के अन्तर्गत गठित रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 22.05.2024 द्वारा राजस्थान पुलिस सेवा की **चयन वेतन श्रृंखला की वर्ष 2023–24** की पूर्व में सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषाओं के आधार पर जारी पदोन्नति आदेशों में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है:–

श्री दिनेश कुमार शर्मा/राधाकिशन के वर्ष 2019–20 के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में अंकित प्रतिकूल प्रविष्टि के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2019–20 को कार्य–मूल्यांकन अनुदेश 2008 के बिन्दु सं. 17 एवं कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 22.02.2013 एवं 17.09.2013 की पालना में निरस्त किये जाने के कारण श्री दिनेश कुमार शर्मा को रिक्ति दिनांक 01.04.2023 के विरूद्व राजस्थान पुलिस सेवा की चयन वेतन श्रृंखला वर्ष 2023–24 में एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है तथा इनकी वरिष्ठता श्री अब्दुल आहद खां (सामान्य) के नीचे निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है।

श्री दिनेश कुमार शर्मा को रिक्ति दिनांक से कनिष्ठ अधिकारी द्वारा कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कनिष्ठ अधिकारी द्वारा कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

वरिष्ठ शासन उप सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ शासन उप सचिव, पुलिस

RajKaj Ref
7611346

Signature valid
Digitally signed by Jagdish Lal Meena
Designation : Assistant Secretary
Date: 2024.05.3? 13:17:45 IST
Reason: Approved

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email : home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2022/ACP/Latter

Scanned with CamScanner